भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *314

दिनांक 13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तेलंगाना में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पताल

†*314. श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की स्थिति के अनुसार तेलंगाना में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत जिला-वार कितने अस्पताल पैनलबद्ध हैं;

(ख) तेलंगाना के प्रत्येक जिले में पैनलबद्ध सभी सरकारी और निजी अस्पतालों के नाम और श्रेणियां क्या हैं;

(ग) क्या तेलंगाना के ऐसे कोई जिले हैं जहां उक्त योजना के अंतर्गत विशेषकर ग्रामीण, जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों में पैनलबद्ध अस्पतालों की कवरेज अपर्याप्त है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) लाभार्थियों के लिए नकदी रहित स्वास्थ्य परिचर्या की सुलभता में सुधार लाने के लिए तेलंगाना के सभी जिलों में समान रूप से पैनलबद्ध अस्पताल प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 13 मार्च, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *314 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

***

दिनांक 28.02.2026 की स्थिति के अनुसार, तेलंगाना राज्य में आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत कुल 1525 अस्पताल पैनलबद्ध हैं, जिनमें से 1018 सरकारी अस्पताल और 507 निजी अस्पताल हैं।

पैनलबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों की संख्या, नाम और श्रेणियों का जिला-वार विवरण https://hem.nha.gov.in/search पर देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, लाभार्थियों को स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएँ प्राप्त करने के लिए उपलब्ध विकल्पों का विस्तार करने हेतु इस योजना के अंतर्गत पैनलबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करता है। राज्य में पैनलबद्ध नए अस्पतालों की संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

वित्त वर्ष	पैनलबद्ध नए अस्पतालों की संख्या
2022-23	12
2023-24	58
2024-25	70
2025-26 (दिनांक 28.02.2026 तक)	92

इसके अलावा, अस्पतालों की भागीदारी में सुधार करने के लिए, पैनलबद्धता से संबंधित समस्याओं सहित अस्पतालों की अन्य समस्याओं का रियल-टाइम के आधार पर निराकरण करने के लिए एक अस्पताल-विशिष्ट टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14413 स्थापित किया गया है।

*****